निर्गुंडीकारस सेर १ भंगरैयाकारस सेर १ धत्तूरेकारस सेर १ गोमूत्र सेर १ बच। कूठ। धत्तूरेका बीज। मालकंगुनी। काय फल। यह पाँच चीज दो २ तोले लेना सब के बराबर बचनाग शुद्ध लेना और तिल तेल एक सेर मो सब वस्तु डालको तैलपाक युक्तिसे पक्क करना तब वह तेल वात रोगीपुरुषको लगानेसे रोग दूर होताहै यह तेल सर्व औषधीसे अधिक हितावह है। जैसा हेमंतऋतुमे सुंदर स्त्री का आलिंगन हितावह होताहै तैसा॥३१॥३२॥३३॥

अथ वातरक्तचिकित्सा

एरंडतैलेन गुडूचिकायाः क्काथोथवा वर्धितपिप्पली वा॥ गुडेन पथ्या खिलवातरक्तं विनाशयेत्पथ्ययुतस्य पुंसः॥३४॥

टीका

गुरुचका कषाय करको उस्मे रेंडीका तेल देको वह कषाय पीनेसे वातरक्त दूर होताहै अथवा वर्धित पिप्पली खानेसे भी वातरक्त दूर होताहै अथवा गुड मो बैसा खी हरेका चूर्ण मिलाको खानेसे भी वातरक्त दूर होताहै। तीता खट्टा तेल वगैरे वस्तूसे बचावना अवश्य रोग दूर होगा वर्धित

पिप्पलीकहे पहिलेदिन ३पीपरे दूसरेदिन ६ तीसरेदिन ९ इसप्रकारसे दस १० दिनतक बढावना फेर उसी तरेसे दस दिनतक घटावना उस पीपरको चतुर्गुणित दूध अथवा जल मो पीना। अथवा पाँचसे बढावना ५।१०।१५। इत्यादि। अथवा सातसे बढावना ७।१४।२१ इत्यादि प्रकारसे जितनी पीपर उस्से चौगुना दूध अथवा जल लेना ऐसा बीस २० दिन करनेसे पांडुरोग। वातरक्त। श्वासादि रोग दूर होतेहैं इस्को वर्धित पिप्पली कहतेहैं ॥३४॥

मूलम्

तालं रसं तुवरिकां नयनेंदुबाण भागैर्विशुद्ध वसु जातरसे विमर्घ ॥ दत्वा शराव युगले प्रविधाय मुद्रां दद्याद्गजाख्यपुटमस्य भवेत्तु भस्म ॥३५॥ दृष्ट्वा कृतिं प्रकृतिमप्यखिलामवस्थां दृष्ट्वा पुनश्च बहुधा बहुधा विचार्य दद्यात्वतं दुलमिताहरिताल मात्रां विद्यामयायतिवरादियमाप्यस्तात् ॥३६॥

टीका

हरताल भाग २ पारा भाग १ फिटकिरि भाग ५ इनको एकत्र करको करेलेके रसमो खलकरना। वह जब सूखजाय तब मट्टीके दिया मे उस्को रखको ऊपरसे दूसरा दिया ढांकको संधि बंद करको गजपुट देनेसे सुंदर भस्म हो जाता है यह हरताल भस्म जिस्का देना होय उस्की प्रकृति देखको रोगकी अवस्था विचार करको एक चाउर बराबर मात्रा देनेसे वातरक्तादि रोग नष्ट होजाते हैं। यह विद्या ग्रंथकार कहतेहैं कि हमने ईश्वर कदंरीसे पाई है बहुत

सेवांकरकोयहमानना॥३५॥३६॥

उरुस्तंभचिकित्सा

भल्लातकुल्यामगधाजटानांकृतःकषायोमधुसंप्रयुक्तः॥उरुग्रहंघोरमपिप्रवृद्धंनिहंतिगोमूत्रयुताकणावा॥३७॥

टीका

भिलावाँ।पीपर।पीपरामूल।इन्काकाढाकरकोसहतमिलायकोपीनेसेबड़ाघोरउरुग्रहहोयतोभीदूरहोताहैअथवागोमूत्रमेंपीपरचूर्णखानेसेभीरोगजाताहै३७

आमवातचिकित्सा

रास्नारग्वधदेवदारुऋतुभूच्छिन्नाभोङ्गवागोक्षुरैरेरंडेनयुतैःकषायकवरोविश्वारजोमिश्रितः॥नानासंधिरुजान्वितंविजयतेघोरामवातामयंस्वर्णांगीकुचपद्मकुड्मलरुचिर्दीपोंधकारंयथा॥३८॥

टीका

रास्ना।धनबहेडेकागूदा।देवदारु।घेटुलीमूल।गुडुच।गोखरू।एरंडमूल।इनऔषधोंकाकाढाकरकोउसमेसोंठकाचूर्णमिलायकोपीनेसेअनेकसंधिपीडायुक्तआमवातदूरहोताहैस्वर्णांगीस्त्रीकेस्तनकमलकेमौंडदेदिप्यमानजोदीपउस्सेजैसाअंधकारनष्टहोताहै।तैसायहऔषधआमवातकोदूरकरताहै॥३८॥

मूलम्

शरावनिहितंसूतंहिंगुवंगंमुहुर्मुहुः॥दत्वाग्निंसूर्ययामंतंनिंबकाष्ठेनघट्टयेत्॥३९॥एवंभवेत्पीतवर्णोरस

राजस्यभूतिका ॥ यथातुपानंरोगस्य दद्याद्भिषगुत्तम ॥ अर्जितं विविधोपायैर्जंगमाद्भिषजान्मया ॥ इदंतत्संप्रलब्धंतुपालनीयंचिकित्सकैः ॥४१॥

टीका

रसभस्म ॥ ॥पारा भाग १ रांगा भाग २ इस्कोपरईमोरख कोनींबकेसोठेसे घोटकोउसपरदूसरीपरईढांककोसंधिलेपकरकोवारप्रहरबारा १२ आंचदेनातबपीतभस्म होताहै इसभस्मको अनुपान विचारकरकोदेनेसे आमवातादिरोग दूरहोताहै। यहक्रियामैने परिश्रमसे जंगमवैद्यसे प्राप्त कियाहै सोवैद्य लोग इस्को रक्षण करै ॥३९।४०।४१

शूलचिकित्सा

तुरंगीपुरीषोदकं हिंगुयुक्तं महाशूलहारि प्रदिष्टं भिषग्भिः यथा हिंगुविश्वाविडैर्वापितो सौकुलित्थोद्भवोवाकषायः प्रदिष्टः ॥४२॥

टीका

घोडीकेलैंडीकारस निकालकोहिंगउस्मेदेकोपिलावना इस्से शूलरोग दूरहोताहै। और कुलथीकाकषायकरको हींग। सोंठ। कालानोन इस्का चूर्णकरको कषायमोमिलायको पीजानेसे भी शूलरोग दूरहोताहै ॥४२॥

मूलम्

विश्वाबचाहिंगुमरीचजीरामृतानलैर्मार्कवतोयपिष्टैः ॥ कृतावटीयंचणकप्रमाणाशूलाग्निमांद्यानिलरोगहंत्री ॥४३॥

टीका

सौंठ। बच। हींग। काली मिरिच। जीरा। शोधित बचनाग
चित्रकमूल। इन सभौंको वस्त्रगालित करको भंगरैया
केरसमो खरल करना फेर चनाबराबर गोली बाँधना वह
गोली अनुपानका योजना करको रोज एक खानेसे शू
ल। अग्निमांद्य। वातरोग सब दूर होता है॥ ४३॥

मूलम्

चिंचावल्कलभूतिका पलमिता तत्तुल्य भागः पटु व्यू
हो निंबुरसेन कल्पितमिदं शंखोपि भूत्या समः॥ यावद्व
स्तु विचूर्णितो भवति तं संताप्य निर्वापयेत्स्मिन्हिंगुम
रीचनागरकणाः कर्षप्रमाणाः क्षिपेत्॥ ४४॥ निष्कां
शो विषगंधकौ रसयुतौ दत्वा विमर्द्यौ तनू कोलास्थि
प्रमिताग्नि मांद्यजनितान्रोगान्निहंति क्षणात्॥ शूलं
संग्रहणीमजीर्णमरुचिं संपक्तिशूलं क्षयं त्वेषा शंख
वटी निजोपकृतिभि र्विध्वंसदा रक्षति॥ ४५॥

टीका

शंखवटी॥ ॥इमलीके वल्कलकी राखी तोले ४ पंच
लवण मिलको तोले ४ इन्को नीबूके रसमो भिजोय देना
फेर शंख तोले ४ लेको आगपर तपावना जब हाथसे मी
सको चूर्ण होय तब वह शंख को नीबूके रसमो बुझाव
ना फेर सबको एकत्र खरल करना फेर हींग। काली मि
रिच। सौंठ। पीपर। यह चार चीज तोले तोले उस्मे देना
और शुद्ध बचनाग मासे ४ शोधित गंधक मासे ४ शोधित
पारा मासे ४ उस्मे मिलायको खरल करको छोटे बेर केबी
या बराबर गोली बांधना वह गोली केखानेसे अग्निमांद्य

सेजोरोगहोतेहैंसो और शूल।संग्रहणी।अजीर्ण।अरुचि।आहारपरिपाकनहोयकोजोशूलहोताहै और क्षयइत्यादिरोगसबदूरहोतेहैंयहशंखवटी अपनेउपकारसेजगत्कारक्षणकरतीहै।।४४।।४५।।

उदावर्तचिकित्सा

क्षारत्रयंलवणपंचकमग्निदीप्यव्योषाभयाकृमिरिपुत्रिवृदुग्रगंधा।।चूर्णःस्नुहीजपयसाबहुधाविभाव्योदावर्तगुल्मजठरप्रभृतीन्निहंति।।४६।।

टीका

सज्जीखार।जवाखार।पापडखार।पाँचोलौंन।चित्रक।अजवाइन।सोंठ।मिरिच।पीपल।छोटीहरे।बाविडंग।निसोत।घोडबच।इन्काचूर्णकरकोथूहरकेदूधमेंपाँचचारपुटदेनाफेरवहीचूर्णकोअनुपानसेखानेसे उदावर्त।गुल्म।उदर।इत्यादिरोगजातेरहतेहैं।।४६।।

गुल्मप्लीहादिचिकि०

यवक्षारोयवानीचसैंधवंचाम्लवेतसं।।हरीतकीवचाहिंगुचूर्णमुष्णेनवारिणा।।४७।।सप्ताहाद्गुल्मनिचयंसशूलंसपरिग्रहं।।भिनत्तिनात्रसंदेहोवन्हेर्वृद्धिंकरोति च।।४८।।

टीका

जवाखार।अजवाइन।सेंधा।वच।अमिलबेत।छोटीहरे।हींग।इन्काचूर्णगरमपानीकेसाथखानेसेसातदिनमेंगुल्मरोगशूलयुक्तहोयतोभीनष्टहोताहै औरअग्निप्रदीप्तहोताहै।।४७।।४८।।

कंपिल्लत्रिवृतोः समंस्नुहिपयः सर्वैः समानोरसो धात्र्याः
सर्वसमानकंघृतमदस्तुल्यंपयः सैंधवं ॥ स्वल्पांशे वि
पचेदिदंविजयते कर्षप्रमाणं घृतं गुल्मान्शूलपरिग्र
हादिसहितान्प्लीहोदरंकच्छपं ॥ ४९ ॥

टीका

बिंदुघृतं। कपिला। निसोत। दोनोके बराबर थूहरका दू
ध २ अवरेका रस। ४ घृत ८ सहत ८ दूध ८ सैंधा अंदाज
६ मासे यह सब एकत्र करको आगपर पकायको रख
नाफेररोजउसमेसे तोला भर घृत खानेसे शूलसहित गु
ल्मप्लीहोदर कच्छपोदरादि समस्त नष्ट होते हैं ॥ ४९ ॥

मूलम्

अर्कस्नुक्सातला चिंचा पलाश कदलीतिलाः ॥ अपा
मार्गोमुष्कक श्चैव कपर्दः शंख एवच ॥ ५० ॥ एतेषां भूति
जः क्षारो पारदः पटुपंचकं ॥ पंचक्षाराः समंसर्वैं त्रिभा
गोगंधकः स्मृतः ॥ ५१ ॥ भूरसा चैव सोरा च कासीसम्भव
सादरः ॥ एतच्चतुष्टयंसर्वै रोषधैस्तुल्यभागिकं ॥ ५२ ॥
सर्वेषांकज्जलिंकृत्वा निंबुनीरेणमर्दयेत् ॥ प्रदद्यान्न
लिकायंत्रेवन्हियामचतुष्टयं ॥ ५३ ॥ दत्वाद्रवंतुगृह्णी
यात्सूचिकाद्रवकारकं ॥ एकवल्लंद्विवल्लंवा दद्यान्न
लिकमारसं ॥ ५४ ॥ गुल्मार्शः प्लीहशूलघ्नो नारोगाणामंत
कःपरं ॥ शंखद्रवरसोह्येषः कृतकर्मा नसंशयः ॥ ५५ ॥

टीका

शंखद्रव ॥ ॥ रुई। थूहर। भूमिफेना। इमली। पलाश।
केलाकाछाल। तिल। चिचिंडा। मुष्कक। कवडी। शंख

यह ग्यारह ११ चीजकी राखीकरको खार निकालना फे
र पारा। पंचलवण। पंचक्षार। यह मिलायको २२ औषधी
को तोला तोला लेना। और गंधक ३ तोला और फिटकि
री। सोरा। हिराकस। नवसादर। यह चार ४ वस्तु छ छ ६
तोले लेना इन सभ चीजोंको महीन करको नींबूके रसमो
खल करना फेर ऊर्ध्वनलिकायंत्र मो देको चार ४ प्रहर
अग्नि देको अर्क उतारको सीसीमे रखना। नित्य ३ गुंजा
प्रमाण अथवा ६ गुंजाप्रमाण अर्क पानीमो मिलायको
पीना अथवा सोंठके चूर्णमे अर्क मिलायको खाना इस्से
गुल्म। अर्श। प्लीह। आदिकरको रोगोंका नाश होता है।
इस्को शंखद्रव कहते हैं यह कार्य करनेमे बडा समर्थ है
इसमे संशय नही॥५०॥५१॥५२॥५३॥५४॥५५॥

मूलम्

पिप्पलीसहितबीजपूरकं द्राक्निहंतिनवनीतसंयुतं
शूलहृत्क्षतयुतंहृदामयविघ्नसंघगमिवसाधुमंडलं
॥५६॥ ॥ इतिश्रीवैद्यामृते द्वितीयोलंकारः॥२॥

टीका

पीपर। बिजोरानीबूका गूदा। मखन। यह तीनो चीजके
एकत्र करको खाना इस्के सेवन करनेसे शूल। हृद्रोग।
क्षय। यह रोग दूर होते है जैसा साधुसमागमसे विघ्नस
मूह दूर होता है तैसा॥५६॥ इतिश्रीवैद्यामृतभाषा टी
कायां द्वितीयोलंकारः॥२॥ ॥

मूत्रकृच्छ्रचिकित्सा

पाषाणभेदकृतमालकधन्वयासपथ्यात्रिकंटलक

षायनिषेवणेन॥ मध्वन्वितेनसहसाविरहंप्रयांतिरुक्
दाहबंधसहितंकिलमूत्रकृच्छ्रं॥१॥

टीका

पाषाणभेद। धनबहेडेकागूदा। धमासा। छोटीहरे। गो
खरू। इन्काकषायकरकोउस्मेसहतदेकोपीनाइस्से
मूत्रकृच्छ्रदूरहोताहै॥१॥

मूलम्

दुग्धमाक्षिकयुतासखेयदासेवितातुतिलकोलभू
तिका॥ मूत्रघातजनितव्यथा तदा दाहवत्यपिनृणां
नतिष्ठति॥२॥

टीका

तिलकेभूसीकाराखदूधमेमिलायकोउस्मेसहतडा
लकोपीनाइस्सेमूत्रघातसंबंधीजोपीडाहैसोदूरहोती
है॥२॥

अश्मरीचिकित्सा

आकल्लुगोक्षुरजटातुलसीशिलाभिरेरंडमूलमगधा
मधुकैःप्रयुक्तः॥ तर्कारिमूलसुरसासुरपुष्पशुंठीक्का
थोनिहंतिबहुलाप्रतिवापितायं॥३॥ सप्ताहमेवपिब
तांनियमेनपुंसांघोराश्मरीमनिरुजंसहशार्कराच॥आ
वीपयोमधुविमिश्रितमाशुतद्वत्चूर्णंत्रिवृत्कुटजबी
जभवंवदंति॥४॥

टीका

अकलकरा। गोक्षुरमूल। तुलसीकापत्ता। पाषानभेद। मु
लहठी। अरंडमूल। पीपर। जेठीमद तर्कारीमूल। निर्गुंडी। लवं

ग। सोंठ। इन औषधों का कषाय करको लायची छोटी की बुकनी देको वह कषाय सात दिन पीनेसे दुर्धर जो अश्मरीरोग है सो दूर होता है अथवा मेढी को दूध मे सहत देको पीनेसे भी रोग नष्ट होता है अथवा निसोत इंद्रजव का चूर्ण करको दूध मे अथवा चाउर के धोवन मे मिलाय को पीनेसे भी रोग दूर होता है ॥ ३ ॥ ४ ॥

प्रमेहचिकित्सा

धात्र्याः कषायं मधुरात्रियुक्तं वटांकुराणां समधुं कषायं ॥ पाषाणभेदं मधुमिश्रमेतत्त्रयं प्रमेहापहमामनंति ॥ ५ ॥

टीका

अवरे का कषाय करको सहत और हरदी का चूर्ण उसमे देको पीना अथवा वटके अंकुर का कषाय करको सहत मिलायको पीना अथवा पाषाणभेद का चूर्ण सहत मे मिलाय को खाना यह तीनो औषधी प्रमेहको दूर करती है ॥ ५ ॥

मूलम्

त्रिकंटकानां क्वथिते ष्टनिघ्ने पुरं पचेत्साक विधानयुक्त्या ॥ फलत्रिकव्योषपयोधराणां चूर्णपुरेण प्रमितेन दद्यात् ॥ ६ ॥ वटीप्रमेहं प्रदरं च मूत्रघातं च कृच्छ्रं च तथाश्मरीं च ॥ शुक्रस्य दोषं सकलांश्च वातान् निहंति मेघानिव वायुवेगः ॥ ७ ॥

टीका

गोखरू के आठगुना जल देको कषाय करना जब एक

गुनारहजायतबउसमेगुगुलदेकोपाकपुक्तिसोपाकक
रनाजबगाढाहोयजायतबउसमेहरा।विडंग।भवरा।
सोंठ।मिरिच।पीपर।नागरमोथा।इन्का चूर्णकरकोदेना
फेरउस्की गोलीबांधनाफेरउसगोलीको अनुपानयोज
नाकरकोखानेसे प्रमेह।प्रदर।मूत्राघात।अश्मरी।शु
क्रकादोषसंपूर्ण।वायु इत्यादिरोगसर्वदूरहोताहै।जै
सावायूकेझोंकसेसर्वमेघमंडलन—प्र—रहोजा
ताहैतैसा।।७।।

मूलम्

समानभागेशुचिताम्रवंगेतयोःसमानंलवणंप्रसिद्धं।
शरावयोःस्थाप्यविधायमुद्रांददेत्पुटंतस्यगजाभिधे
यं।।८।।ततोभवेद्भस्मविशेषसौम्यंयथानुपानंननुसे
वनीयं।।समस्तमोहांतकमग्निदायिकासापहारिश्व
सनापहारि।।९।।शुक्रस्यदार्ढ्यप्रविधानदक्षंप्रमत्त
नारीसुखदानबीजं।।इदंहितत्वंजटिलस्यसेवांविधा
यवैद्येनमयाप्रलब्धं।।१०।।

टीका

शुद्धवंग।शुद्धताम्र।दोनोसमभागलेनाऔरदोनोकेस
मलवणलेना।तीनोकोपरईकेसंपुटमेरखकोसंधिले
पकरकोगजपुटमेदाहकरनेसेसुंदरभस्महोताहै।वह
भस्मअनुपानयोजनाकरको देनेसेसर्वप्रमेहदूरहोते
है।अग्निप्रदीप्तहोताहै।कास।श्वासजाताहै।शुक्रदृढ
होताहै।औररमणीकोअत्यंतसुखदेनेमेयही।कारणहो
ताहै।यहवस्तूएकजटाधारीसिद्धपुरुषमेहमनेसेवाक

रकोसंग्रहकियाहै॥ ८॥ ९॥ १०॥

पौष्टिकप्रयोग

शतावरीनागबलात्मगुप्तेक्षुरश्वदंष्ट्रातिलमाषचूर्णं॥ पयःसिताढ्यंनिशितेनपेयंकांताशतंयस्यगृहेविभाति॥ ११॥ द्राक्षाचंदनकुष्टकेसरतुगाक्षीरंचजातीफलंकंकोलंचपुनर्नवामुसलयाधात्र्याश्वगंधान्वितं॥ एतेषांसमभागिकंसमसितंसर्पिर्युतंखादयेद्धातुक्षैण्यबलक्षयाश्मरिरुजोपित्तास्रजंभ्रामकं॥ १२॥

टीका

सतावर। नागबला। केवाचबीज। तालमखाना। असगंध। तिल। उउदी। इन्सभवस्तूका चूर्णकरकेदूधमिस्त्रीकेसाथखाना। जिस्केघरमेसौऔरतहोयउन्होने रातकोयहऔषधखाना॥ ११॥ दाख। चंदन। कुष्ट। नागकेसर। बंसलोचन। जायफल। कंकोल। गदहपूर्ना। सफेदमुसरी। अवरा। असगंध। यहऔषधीसमभागलेके चूर्णकरनासबऔषधीकेसममिस्त्रीमिलायकेखानेसे धातुक्षीण। शक्तिक्षय। अश्मरी। रक्तपित्तसेजोभ्रमहोताहैसोसबदूरहोयकेपुरुषहुसियारहोताहै॥ १२॥

मूलम्

एलामांसिलवंगनागरकणासुक्ताहिमंधान्यकंखर्जूरंचतमालपत्रमधुकाशीरद्वयंदाडिमं॥ हिक्काकामलपांडुरोगनिचयंमूत्रेचदाहोष्मतांमेहान्विंशतिनाशयेच्चसततंप्रीतिप्रदंबृंहणं॥ १३॥

टीका

छोटीलायची। जटामासी। लवंग। सोंठ। पीपर। नागरमोथा। चंदन। धनियां। छोहारा। तमालपत्र। ज्येठीमद। दोनोखस। अनारका छिकुला। इन्ह सभौंका चूर्णकरको अनुपानका योजना करको खानेसे हुचकी। कंवल। पांडुरोग। पिसाबमेजलनाकउकहोना। बीसाप्रकारकाप्रमेह इत्यादिरोगोंका नाशहोताहै और धातुपुष्टीहोयको आनंदहोताहै॥ २३॥

स्तंभनयोग

मंदामंत्रितभास्करात्हतरवेःकार्पासवर्त्याकृतस्यैरंडोद्भवैतैलदीपितरुचेर्दीपस्ययावत्स्थितिः॥ तावत्तेमनुजाःसुखेन सुरतंकुर्वंतुवृष्येभृताःकांताभिर्मदमत्तदंतिगतिभिःकामादिकप्रौढिभिः॥ २४

टीका

रतिवर्धकदीप॥ ॥सनीचरकोमदारकेरूईकोनिमंत्रण करको अतवारको रूई लेना फेर उस्की बत्ती बनायको रेंडके तेलमे बत्ती बारना सुरतकालमो जबतक दियाबरेगा तबतक मैथुनसामर्थ्य रहेगा॥ २४॥

द्रावणयोग

रसेनसम्यक्मरहट्टिकाया घृष्टेनसूतेनसमाक्षिकेण॥ विलिप्तलिंगोरमतेययासामदोद्धतापिद्रवतामुपैति॥ २५॥

टीका

मरहटीकेरसमोपारा सहतदेको खलकरको लिंगपरलेपकरेना मैथुनकरनेसे मदकरको उद्धत भी औरत होयतो भी द्रवहोजाय॥ २५॥

मेदोरोगचिकित्सा

व्योषाग्निमंथत्रिफलाविडंगैःसमंपुरंयोभजतेमनुष्यः॥ मेदोमरुत्श्लेष्मजघोररोग्मस्तस्याशुसर्वेविलयंप्रयांति ॥२६॥

टीका

गुटिका॥ ॥सोंठ।मिरिच।पीपर।अरणी।हरा।बहेडा ।अवरा।बा।बिडंग।इनऔषधीकेबरोबरशोधितगुगु लमिलायकोतीनतीनमासेकीगोलीबांधना।वहगो लीखानेसेमेद।वायू।कफइनसेहोनेवालेजोभयंकर रोगसोनष्टहोतेहैं॥२६॥

उदरचिकित्सा

चूर्णसखेलवणरामठयोःसमानंगोमूत्रमिश्रितमिदंपि बतांनराणां॥नानाविधानिजठराणिलयंप्रयांतिगंगो दकप्रपिबतामिवपातकानि॥२७॥

टीका

सामरनोन।हींग।दोनोकाचूर्णकरको दोनोकेबराबर गोमूत्रमेमिलायकोपीजानेसे नानाप्रकारकेउदररोग नाशकोप्राप्तहोतेहैं।गंगोदकपीनेसेजैसेमनुष्यकेपा तकदूरहोतेहैं॥२७॥

शोफोदरचिकित्सा

पुनर्नवादारुमहौषधांबुगोमूत्रसिद्धंश्वयथुंनिहंति तथाकणशुंठिगुडोत्थचूर्णंशोफामशूलघ्नमजीर्णहा रि॥२८॥गवांक्षीरंवरामिश्रंशोफोदरविनाशनं।गोमू त्रेणसमायुक्तंमहीषीणांपयोथवा॥२९॥

टीका

गदहपूर्ना। देवदारु। सोंठ। खस। यह औषधोंका काढा गोमूत्रमें करके पीनेसे सूज़ जातीहै। तथा पीपर। सोंठ। यह दोनोंका चूर्ण करके गुडमे मिलायके खानेसे भी सूज। आमशूल। अजीर्णादिक दूर होते हैं। और त्रिफलाका चूर्ण गौके दूधमे पीवे तो शोफोदर जाताहै। और भैंसदूध गोमूत्रके साथ पीनेसे भी उक्तरोग जाताहै ॥१८॥१९॥

अंडवृद्धिचिकित्सा

हरतिरुबुकतैलं दुग्धयुक्तं निपीतं वृषणजनितपीडां नात्र शंका विधेया॥ यवतिलऋतुजन्मैरंडबीजैः सुखोष्णैर्हरति कृतविलेपः कांजिकेन प्रपिष्टैः॥२०॥

टीका

रेंडीका तैल दूधमे मिलायके पीनेसे अंडसंबंधी पीडा दूर होती है। और जव। तिल। ऋतुजन्मा। रेंडीका बीज। इनको कांजीमे पीसके उष्ण करके वृषणपर लेप करनेसे वृषणसंबंधी पीडा दूर होती है॥२०॥

गंडमालाचिकित्सा

सविश्वस्य चूर्णस्य तु कांचनारत्वचः कषायस्य निषेवणेन॥ पलायते सा किल गंडमाला यथा मृगी व्याधविलोकनेन॥२१॥

टीका

कचनारके छालका कषाय करके सोंठका चूर्ण उसमें डालके पीनेसे गंडमाला नष्ट होती है। जैसे व्याधके देखनेसे हरिण भागते हैं तैसा गंडमाला रोग इसके सेवनसे दूर होती है॥२१॥

मूलं सितायागिरिकर्णिकायामूलं विशालाभवमु
ग्रगंधा॥ गोमूत्रपिष्टत्रितयस्यलेपोत्सोपद्रवागच्छ
तिगंडमाला॥ २२॥

टीका

सफेदकौआटोटीकामूल। इंद्रवारुणीमूल। घोडाब
च। यहतीनोगोमूत्रमेघसकोलेयकरनेसेउपद्रवस
हितगंडमालादूरहोतीहै॥ २२॥

श्लीपदचिकित्सा

गोमूत्रेणनिशाचूर्णसगुडंयःपिबेत्सखे॥ वर्षोत्थंश्लीपदंत
स्यदद्रुकुष्टंचनश्यति॥ २३॥

टीका

हरदीकाचूर्णऔरगुडयहगोमूत्रमेमिलायकोपीजायतोए
कवर्षकाश्लीपदरोगनष्टहोताहै। औरदादकोढयहभीइ
सीसेदूरहोतेहै॥ २३॥

विद्रधिचिकित्सा

विद्रधौरुधिरमोक्षणंहितंपंचवल्कलघृतैश्चलेपनं॥ शि
ग्रुमूलजरजोंतरुत्थितेविद्रधौमधुयुतंप्रशस्यते॥ २४॥

टीका

विद्रधिरोगमेरुधिरनिकालनाहितहै। औरउस्केऊपरपंच
वल्कलघृतलगावना। सोभांजनकेमूलकेअंतर्छालकार
सनिकालकोसहतमिलायकोपीना इस्सेविद्रधिरोगदूर
होताहै॥ २४॥

व्रणभगंदरचिकित्सा

पुष्पयुक्तत्रिफलाकषायेहितोनराणां ... ीडितेषु

आभाववाव्योषसमःपुरस्तु भग्नस्य संधानकर प्रदिष्टः॥२५

टीका

त्रिफलाका कषाय करके उसमें गुगुल देके पीनेसे उक्तरोग दूर होता है॥ जामुनकी छाल। त्रिफला। सोंठ। मिरिच। पीपल। सब के बरोबर गुगुल मिलायके गोली बाँधके अनुपान योजना करके देनेसे उक्तरोग दूर होता है॥२५॥

नाडीव्रणभगंदरचिकित्सा

फलत्रिकव्योषसमःपुरस्तु घृतेन नाडीव्रणरोगहारी॥ भगंदरे प्राक्रुधिरस्य मोक्षस्ततो व्रणोक्तो विधिरेषयुक्तः॥२६॥

टीका

त्रिफला। सोंठ। मिरिच। पीपर। सबके बरोबर गुगुल मिलायके घृतके साथ खानेसे नाडीव्रण दूर होता है। भगंदररोगको प्रथम रक्तमोक्षण करके फेर व्रणचिकित्सा करना॥

उपदंशशुक्रदोषचि०

मोचारसंपूगविभूतिकांचकोलत्वचं निर्मलशंखजीरं॥ पिष्ट्वोपदंशे खलु निक्षिपेत त्र्यहेण रोगं सकलं निहंति॥२७॥

टीका

मोचरस। सुपारी काकोयला। बेरकी छाल। सपेद संख जीरा। इनका चूर्ण करके चट्टेपर बैठाय देनेसे तीन दिनमे रोग दूर होगा॥२७॥

मूलम्

आदित्यमूलदरदाल्लकधूमदानात्तस्यातुं विभेत्ति सक

लाप्युपदंशपीडा॥श्वश्रूजनैर्बहुतरं परिबोधितापि लघ्वीयथाप्रियतमारमणेनरंतुं॥ २८॥ ह्यमारूजटालेपादुपदंशोविनश्यति॥ शूकदोषोप्यसृङ्मोक्षो जलौकाभिः प्रशस्यते॥२९॥

टीका

रूईकामूल।दरद।अकलकरा।यहतीनोचिलमपररख कोधूँआखीचनेसेउपदंशजन्यपीडाभयभीतहोतीहै॥ जैसीछोटीपतोहूकोपतीकेअंतःपुरमेजानेकेवास्तेसास बहुतसिखावतीहैतोभीवहडरतीहैतैसीउपदंशपीडाइस्केपासनहीआवती॥२८॥औरकनैलजडकेलेपसे भीउपदंशदूरहोताहै।शूकरोगपरजलौकासेरक्तमोक्षणकरनाप्रशस्तहै।शिश्नवृद्ध्यर्थउपायतज्जनितरोग कोशूकरोगकहतेहैं॥२९॥

कुष्ठचिकित्सा

पीत्वासदुग्धंशुचिगंधचूर्णंकुष्ठावलीचंचलतांबिभर्ति॥चकोरनेत्रांकुशपद्मकोशंदृष्ट्वानराणामिवचित्तवृत्तिः॥३०॥गंधंसूतंशिलालोमरिचमपिनिशायुग्मसिंदूरतुत्थादद्रुघ्नोवाकुचीतज्जरणयुगमिदंनिंबुतोयान्यसुक्तं॥ लोहेलौहेनमर्द्यंप्रहरमितमथोहंतिमाहेश्वराख्यंदद्रुंकंडुंचपामोहरइवपटलींसंस्मृतापातकानां॥३१॥मूलेसितोयागिरिकर्णिकायाजलेनपिष्ट्वाकुरुतेप्रलेपं॥सुश्वेतकुष्ठंकिलनस्यगंतुंमासात्प्रयत्नंकुरुतेनितांतं॥३२॥

टीका

गंधकशुद्धकरकोउस्काचूर्णकरकोदूधमेपीनेसेकुष्ठरो

गनष्टहोताहै। चकोरनेत्रास्त्रीकेस्तनकमलदेखनेसे कामुकपुरुषोंकी चित्तवृत्तीनुष्टहोतीहैं तैसे॥३०॥ ॥ माहेश्वरदद्रु॥ ॥गंधक।पारा।मेनसील।हरताल।कारीमिरिच।हलदी।दारुहलदी।सेदुर।तूतिया।चकौडकाबीज।बाकुची।सफेदजीरा।स्याहजीरा।सबका चूर्णकरकेनीबूकेरसमोखलकरना।फेरघृतमिलायकेलोहेकेकढाईमेलोहबटासेप्रहर १ तकखलकरना फेरइस्कोदेहमेलगानेसेखजू।कंडू।दाद नष्टहोतीहैं। जैसेरुद्रकेस्मरणसेपातकसमुदायनष्टहोताहै॥३१॥सफेदकीआटोटीकामूल।जलमेघसकोलेपकरनेसेसफेदकुष्टनष्टहोताहैएकमहिनामे॥३२॥

उदर्दकोढचिकित्सा

गुडेनदीप्यं भजतेनरोयःपथ्येनयुक्तःकिलसप्तरात्रं॥ उदर्दकोढोविलयंप्रयांति नरस्यतस्यापिनकापिशंका॥३३॥

टीका

अजवाईन।गुडमेमिलायकोखानेसेउदर्दकोढरोगसातदिनमेदूरहोताहै पथ्यसेरहना॥३३॥

आम्लपित्तचिकित्सा

भूनिंबनिंबत्रिफलापटोलवासामृतापर्पटमार्कवाणाम् कषायकोमाक्षिकसंप्रयुक्तो निहंतिसोपद्रव माम्लपित्तम्॥३४॥

टीका

चिराईतानीबकीछाल।त्रिफला।पटोलप्रसिद्धहै।अडूसा

गुडुच । पित्तपापडा । भंगरैया । इन्का कषाय करको सहत देकोपीनेसे उपद्रवसहित अम्लपित्त नष्ट होगा ॥ ३४ ॥

विसर्पचिकित्सा

पिचुमंदपटोलतोयदानांक्वथितंसप्तदिनंसखेपिबत्वं। अलसंकुरुमात्रमंदबुद्धेयदितेसर्वविसर्पनाशनेच्छा॥ ३५॥ निशाद्वयंव्याघ्रिशिरीषमांसीयष्टीनतैलाजलचंदनाज्यैः॥ दशांगलेपोज्वरशोफकुष्टंसर्पश्चपंकेपनजातवेदाः॥ ३६॥
ति

टीका

नीबकी छाल। पटोल। नागरमोथा। इन्का कषाय करको सात दिन लेनेसे विसर्परोग दूर होताहै॥ ३५॥ और दोनो हलदी। भटकटैया। सरसो। जटामासी। ज्येठीमद। तगर। लायची दाना। खस। चंदन आज्य इन्का चूर्ण करको घृतमो लेप करना इस्से ज्वर। शोफ। कुष्ट। दूर होताहै। जैसी आग सूखी लकडीको जलावताहै तैसा यह लेप उक्त रोगको दूर करताहै॥ ३६॥

विस्फोटकचिकित्सा

कीर्तनं शीतलादेवीस्तोत्रमंत्रस्ययत्नतम्॥ इदमेवौषधंमुख्यंविस्फोटकविनाशनं॥ ३७॥

टीका

शीतलादेवीका स्तोत्र अथवा मंत्र जप करना यही मुख्य औषध है॥ ३७॥

मसूरिकाचिकित्सा

पटोलतिक्तावृषनिंबमुस्ताच्छिन्नारजोयासकिरातका

नाम्॥ आमांमसूरींशमयेच्चपक्कांविशोधयेत्सत्यमयं कषायः॥३८॥

टीका

कडुपटोल। कुटकी। अडूसा। कडुनीब। नागरमोथा। गुडुचे। पित्तपापडा। धमासा। चिराइता इन्का कषायपीने से उक्तरोग दूर होता है॥३८॥

क्षुद्ररोगचिकित्सा

क्षुद्ररोगेषुसर्वेषुक्षुद्ररोगंचिकित्सितं॥ चिकित्सकाः प्रकुर्वंतुसुगमत्वादुपेक्षितं॥३९॥

टीका

वैद्योनेसंपूर्णक्षुद्ररोगोंको दोषानुसारकरको चिकित्सा करनासुलभहै इसलियेहमनेइसग्रंथमेपृथक्चिकित्सानहीलिखा॥३९॥

मुखरोगचिकित्सा

द्रासीदार्वीयासपथ्याऽक्षधात्रीछिन्नाजातीपल्लवानांकषायः॥क्षौद्रोद्दिक्तोहंतिगंडूषयुक्त्यापातुंवक्रांभोजसंस्थंमहांतम्॥४०॥

टीका

दाख। दारुहरदी। धमासा। छोटीहरे। बहेडा। अवरा। गुडुचा। चमेलीकापत्ता। इन्का काढा करको सहत देको उसकषायसे कुल्ला करने से मुखके फोडे वगैरे सब नष्ट होवेगे॥४०॥

गलरोगचिकित्सा

पाठाविशा दारुकलिंगमुस्ता तिक्ताकषायंमधुसंप्रयु

ऽं॥ गोमूत्रसिद्धंमनुजाःपिबंतुगलोद्भवव्याधिषुसब
जेषु॥४१॥ टीका

पाठाप्र। अतिविख। दारुहरदी॥ इंद्रजव। नागरमोथा। कु
टकी। इन्काकाढा गोमूत्रमेसिद्धकरकोसहतदेकोपी
नेसेगलरोगसंपूर्णदूरहोताहै॥४१॥

दंतरोगचिकित्सा

आढक्यादलमध्यगान्सुमतिमान्भल्लातकान्मृन्म
येपात्रेस्थाप्यविधायपावकधमःप्रज्वालयेद्युक्तितः
तद्भूत्याखिलदंतघर्षणमिदंकुर्वंतुलोकाःसदायोगो
यंकिलदंतरोगमदमृन्मत्तेभकंठीरवः॥४२॥

टीका

मट्टीकेपात्रमोकवडीकेटुकडेबिछायकोउसपरभि
लावारखकोनीचेसेआंचदेनाजवभुंजजायतवउ
सीराखीसेदांतघंसना इस्सेसबदंतकारोगजाताहै।
यहयोगरोगरूपगजकोसिंहकेनाईजानना॥४२॥

कर्णरोगचिकित्सा

पक्कोयस्मिन्वृश्चिकःप्राणहीनःकर्णेतैलंतत्सखेपूर
यत्वं॥ एतत्तैलस्पर्शमात्रेणसत्यंसद्योनाशंकर्णरोगाः
प्रयांति॥४३॥

टीका

वृश्चिकतैलकर्णमेदेनेसेतत्कालकर्णरोगजाताहै॥४३

नासारोगचिकित्सा

विडंगसशीसुरदारुसिंधुकटुत्रिकैःसाधितमाशुतैलं

नासामयघ्नं कथितं मुनीन्द्रैः सर्वेत्वमेतत्कुरु शीघ्रमेव ॥४४॥ दाडिमीकुसुमतोयनावनं नासिकास्रमपहन्ति सत्वरं॥ माषपिष्टकदुकूलभूतिका लेपनं हि शिरसो हितावहं॥४५॥

टीका

बाबिडंग। ज्येठीमद। देवदार। सेंधा। सौंठ। मिरिच। पीपर। इन्का कषाय करको उस्से तैल तैयार करको उस तेलका नस्य लेनेसे नासारोग नष्ट होताहै॥४४॥ अनारके फूलका रस निकालको नाकमो डालनेसे नासिकासे रक्त गिरता होय तो बंद होय। उसी तरेसे उडदीका पिसान। और पीतांबरकी राखी जलमे मिलायको माथेको लेप करनेसे भी हितावह होताहै॥४५॥

नेत्ररोगचिकित्सा

शिग्रुपल्लवरसः समाक्षिको हन्ति सर्वनयनामयांस्तथा॥ गैरिकांजनहरीतकीपटुर्दार्विकाभवविलेपनं बहिः॥४६॥

टीका

लेप॥ ॥सोभांजनके पत्तेका रस निकालके उस्मे सहत मिलायको नेत्रमो लगावना उस्से नेत्ररोग सब दूर होगा और गेरु। सुरमा। हरा ।सेंधा। दारुहरदी। यह औषधी जलमो घंसको नेत्रके बाहेर से लेप करना। इस्से सब नेत्ररोग दूर होतेहै॥४६॥

मूलम्

कृष्णाचिंचीतथाचीणांबीजैस्त्रिंडैकभागिकैः[illegible]र्ति

नेत्रांजिताहंतिप्रकोपंदारुणंदृशोः॥४७॥

टीका

छोटीहरे १ बहेडा १ अंवरा १ इनकाचूर्णकरकोगोली करनावहपानीमेघसकोनेत्रमेअंजनकरनेसेनेत्रका दर्दजाताहै॥४७॥

मूलम्

रसकंसैंधवंतुत्थंटंकणंकटुकत्रयं॥मर्दयेन्निंबुनीरेण वटीछायावशोषिता॥४८॥अंजितामधुनानेत्रेनेत्ररोग विनाशिनी॥रूक्षत्वमर्बुदंपुष्पंदुर्मांसंतिमिरार्जुने॥४९॥ पटलंनेत्रवातंचकाचबिंदूदकांनिच॥अन्यानपिमहारो गान्नाशयेद्रसकेश्वरः॥५०॥

टीका

रसकेश्वरवटी॥ ॥खपरिया।सेंधा।तूतिया।सोहागा।सोंठ।मिरिच।पीपर।यहऔषधवस्त्रगालितकरकोनींबूके रसमेखलकरनाफेरउसकीगोलीबाधनावहगोलीछाया शुष्ककरनाफेरसहतमेघसकोअंजनकरनेसेसवनेत्र रोगदूरहोताहै॥४८॥४९॥५०॥

शिरोरोगचिकित्सा

छिन्नाकिराततत्रिफलात्रियामानिंबाकषायोगुडसंप्रयुक्तः॥शिरःशिरोर्द्धश्रवणाक्षिदंतभ्रूशंखशूलानिनिहंतिसद्यः॥५१॥सूर्यावर्तद्विजपातशुक्रनक्तांध्यचक्षुपटलानिचैव॥नस्यंतुगुंजाभवमूलकस्यशिरोर्द्धशूलं किलरामवाणः॥५२॥एरंडमूलौषधशिग्रुमूलपटोल पाठामयदद्रुनिग्नैः॥धान्याम्लपिष्टैर्विहितःप्रलेपःसंप्र

र्णमूर्धामयकालरात्रिः॥५२॥ ॥इतिश्रीवैद्यामृतेतृतीयोलंकारः॥३॥ ॥

टीका

गुडुच।चिरायता।त्रिफला।हरदी।कुटकी।इन्काकषायकरकेउसमेगुड देकेपीनेसे मस्तकशूल।अर्धसीसी।कर्णशूल।नेत्रशूल।दंतशूल।भृकुटीशूल।गंडशूलसव नष्टहोताहै।औरसूर्यावर्तादिसर्वरोगदूरहोतेहैं।औरयुंज्ञामूलजलमेघसकेनस्यदेनेसेअर्धसीसीदूरहोतीहै यहरामबाणऔषधहै।एरंडमूल।सोंठ।सोभांजनमूल।पटोलपाठा।कुटा।चकौंड।यहऔषधकोजीमेघसकेमस्तकमे लेपकरनेसेमस्तककेरोगसबदूरहोतेहैं।५१।५२।५३॥ ॥इतिश्रीवैद्यामृते भाषाटीकायांतृतीयोलंकारः॥३॥

स्त्रीरोगचिकित्सा

वृषदारुनिशाकिरातभल्लीरसजांभोधरबिल्वजःकषायः॥मधुनामधुरीकृतोनिहंतिविविधानिप्रदराणिकामिनीनाम्॥१॥

टीका

अडूसेकापत्ता।दारुहरदी।चिरायता।भिलांवा।रसांजन।नागरमोथा।बेलकागूदा।इन्काकषायकरकेउसमेसहतडालकेपीनेसेस्त्रियोकेनानाप्रकारकाप्रदररोगनष्टहोताहै॥१॥

मूलम्

दुग्धप्रयुक्ताखुपुरीषपानादसृग्दरंतिष्ठतिनैवसत्यं॥कंदर्पहृपेपिनितांतषंढेकांतेयथामानसमंगनानां॥२॥

मूसेकी लेंडी। दूधमें छानकोपीनेसे रक्तप्रदरनिश्चयकरकोनहीरहताहै। जैसारूपवानकंदर्पकेनाईयद्यपिपति है और नपुंसकहोनेसे रमणीका मनउसपररहता नही तैसा॥२॥

मूलम्

विषुषाघृतसंयुता मृगाक्षी प्रदरं शूलयुतं निराकरोति प्रथमे सुरते यथा नवोढा प्रियहस्तं बतनी विषुप्रयुक्तम् ॥३॥

टीका

विषुषाके पत्ते का चूर्ण करको घृतमें मिलायको खानेसे शूलयुक्त प्रदर जाता है। नवीनस्त्री प्रथमसुरतमें नीवि पर हाथ रखनेसे भर्ताका हाथ जैसा दूर कर्ती है तैसा यह औषध प्रदरको दूर कर्ती है॥३॥

मूलम्

वंध्या प्रियानैव सुखाय यस्माद्दूदामितासां कमपि प्रयोगं॥ पलाशबीजस्य मषी जलेन पीत्वासगर्भा ललना भवंति॥४॥

टीका

वंध्या स्त्रीके मैथुनसे सुखप्राप्त होता नही इसलिये उनकेवास्ते वंध्यात्वनिवारक औषध कहते हैं। पलासकेबीयाकी राखी जलके साथ पीनेसे औरत गर्भिणी होती है ॥४॥

मूलम्

पीत्वा[illegible]दुलतोयेन तंदुलीयजटां [illegible]तौ। [illegible]भोच्या

नारीस्थिरगर्भाप्रजायते॥५॥

टीका

गर्भस्थिरीकरण॥ ॥जिसस्त्रीकोगर्भठहरतानहीइसलि येऋतुकालमेचाउरकेधोवनमेचौराईकीजउपीसको पीनेसेगर्भस्थिररहेगागिरेगानही॥५॥

मूलम्

मनोरमायाःकिलगर्भवत्याःरक्तंस्रवेच्चेद्बहुलंतुयस्याः॥पारावतीयंसहसापुरीषंतांपाययेत्तंडुलतोयमिश्रम्॥६॥

टीका

जिसस्त्रीकोवारंवाररक्तस्रावहोताहैउसकोकबूतर कीविष्टाचाउरकेधोवनमेपिलानेसेतत्क्षणबंदहोता है॥६॥

मूलम्

शर्करायवतिलैःसमांशकैर्माक्षिकेणसहभक्षितंस्त्रियः॥नास्तिगर्भपतनोद्भवंभयंपापभीतिरिवतीर्थसेवनैः॥७॥

टीका

शर्करा॥जव॥तिल॥यहसमान लेकोचूर्णकरकोसहत सेखिलावनेसेगर्भपतनकाभयनहीरहता॥जैसेतीर्थकेसेवनसेपापकाभयनहीरहतातद्वत्॥७॥

मूलम्

वृषस्यमूलंयदिनाभियोनौप्रलेपितंस्त्रीझटितिप्रसूते॥तथाकेटिस्थःकदलीसकंदोवेगात्प्रसूतिंकुरुते

गनानां॥८॥

टीका

अडूसे का मूल घँसको नाभिपर और योनिपर लेपकरनेसे स्त्री जलदी प्रसूत होतीहै। वैसाही केलाका कंदकटीमे बाधनेसे जलदी प्रसूत होतीहै॥८॥

मूलम्

विडोपकुंचीवृषकोपकुल्यावचोषणग्रंथिकनागराणां॥कल्कःसुखोष्णेन जलेनपीतःशूलानियोनिप्रभवानिहंति॥९॥

टीका

बिड़लवण। स्याहजीरा। अडूसेकी जड़। पीपर। बच। मिरिच। पीपरामूल। सौंठ इन्को कल्क करको ईषदुष्णजलमे पीनेसे योनिशूल दूर होताहै॥९॥

मूलम्

शुंठीरुवुकमूलाभ्यां प्रलेपो भगशूलनुत्॥ तथासंकोचनंचूर्णमृत्स्ना मायफलोद्भवं॥१०॥

टीका

सौंठ। एरंडमूल। यहदोनो जलमों घसको योनीपर लेपकरनेसे योनीसंबंधी शूल दूर होताहै। और फिटकिरि। मायफल दोनोका चूर्णकर को पोटली योनीमे रखनेसे योनिसंकोचन होताहै॥१०॥

मूलम्

मृतप्रिया प्रोषितभर्तृका वा सुखेन सर्वैः सुरतंकरोतु॥ पश्चाद्गगेसैंधव दीर्घ्यतैलैरगर्भदां पोटलिकां दधातु

॥२१॥

टीका

जिस्का पति मृत होय अथवा देशांतर गया होय तो उसऔरतने सुखसे सुरत करको पीछे से सेंधा। अजवाइन। तैल इनकी पोटली करको योनी मे रखने से गर्भधारण नही होगा॥२२॥

मूलम्

जातासगर्भैवयदातदासागर्भस्यपातंसहसाकरोतु ॥सदुग्धहिंगुंसुफलाशबीजमथीप्रपीत्वानतुगोप्यमेतत्॥२३॥

टीका

जो प्रारब्ध वशसे जारिणीस्त्री सगर्भा भई तो उन्होने हींग। परासबीजकी राखी दूधके साथ पीनेसे गर्भपात होताहै। यहसब औषधी गुप्त रखना॥२३॥

स्तनरोगचिकित्सा

इंद्रवारुणिकामूलं लेपाद्यातिकुचव्यथा॥ तथाकुमारिकाकंदहरिद्रा लेपनादपि॥२३॥

टीका

इंद्रवारुणीका मूल जलमे पीसको स्तनको लेपकरनेसे स्तनपीडा दूर होतीहै। वैसाही घीकुआरका कंद। हरद्री। एकत्रपीसको लेपकरनेसे स्तनव्यथा जातीहै॥२२

मूलम्

विदारिकाकंदरसःसदुग्धःशतावरीवाकुरुतेंगनानां॥ सदुग्धभक्ताशनतत्परीणांपयोधरीप्राच्यपयःसमु

द्रौ॥२४॥

टीका

भूमिकूष्मांडकारस। दूध एकत्रकरकोपीनेसे अथवा सतावरकारसकिंवाचूर्णदूधमेमिलायकोपीनेसे स्तनमेदूधबहुतआवताहै॥ पथ्यदूधभातखाना॥२४॥

बालरोगचिकित्सा

बालकंधातकीरोध्रंबिल्वंचगजपिप्पली॥ मधुमिश्रोक्वाथलेहौबालातीसारनाशनौ॥२५॥

टीका

खस। धायफूल। लोध। बेलकागूदा। गजपीपर। इन्का कषायअथवा चूर्णसहितमिलायकोखानेसेबालकका पेटझरनाबंदहोताहै॥२५॥

मूलम्

कृष्णारुणाशृंगिपयोधराणांसचूर्णितंमाक्षिकसंप्रयुक्तं॥ शिशोर्ज्वरछर्द्यतिसारकासश्वासघ्नमेतत्प्रवदंति सुदाहरंति॥२६॥

टीका

पीपर। मजीठ। काकडासिंगी। नागरमोथा। इन्काचूर्णकरकोसहतमेखिलावनेसेबालकका ज्वर। वमन। अतिसार। खांसी। श्वास। इत्यादिरोगजातेहै॥२६॥

विषचिकित्सा

तुत्थगंधरसराज्रिटंकणैर्वेणितोयपरिमर्दयेदृढे॥ हंत्ययंविषहरोनरांबुनास्थावरंतदनुजंगमंविषम्॥

रसो

टीका

तृतिया। गंधक। पारा। हरदी। सोहागेकी लाई। इन्को खलकरको कूटली की केरसकी भावना देको जोंधरी बराबर गोली बांधना उस्मे से एक गोली नरमूत्रमे देनास्थावरजंगमविषबाधा दूर होती है॥२७॥

विरेचन

हिंगूलटंकणवरात्रिकटूग्रगंधाबाल्हीकदीप्ययुगसैंधववेल्लदंत्याः॥ सर्वैः समो निगदितो जयपालभागः सर्वं तु निंबुसलिलेन विमर्द्यमेतत्॥२८॥ गुंजाप्रमाणवटिकोष्णजलेन गुल्मपांडुक्षयश्वसनकासबलासमेहान्॥ आध्मानशूलगुदजोदरवन्हिमांद्यविष्टंभकुष्टकृमिरुक्प्रभृतीन्निहंति॥२९॥

टीका

हींग। भजित लेना। सोहागेकी लाही। त्रिफला। त्रिकटु। बच। अजवाईन। अजमोदा। सेंधा। बाविडंग। दंतीमूल सबके समान भैंसके गोवरमे शोधित जयपाल लेको सबको नीबूके रसमो खलकरना। फेर गुंजाप्रमाण गोली बांधको एक गोली उष्णोदकके साथ लेनेसे विरेचन होयको गुल्म। पंडुरोग। क्षय। श्वास। खांसी। कफ। प्रमेह। पेटका फूलना। शूल। अर्श। उदर। अग्निमांद्य। मलावरोध। कुष्ट। कृमिरोग इत्यादि रोग नष्ट होते है॥२८॥२९॥

ग्रंथकर्ता प्रार्थना करते हैं

मोरेश्वरेण भिषजा नगरस्थितेन वैद्यामृतं कृतमिदं बहुधा विचार्य॥ वैद्यास्तएव कृपया परिपालयंतु सम्य

कुसनातनविचारविशारदाये॥२०॥अनुभवात्कैतिचिद्गुरोःकतिचशास्त्रभरान्नवमजिताः॥इहमयाभिषजां हितमिच्छता निगदिताःशुचियोगगणाइमे ॥२१॥ भ्रमादशुद्धंगदितंयदिस्याद्दोषोनकश्चिन्ममभावनीयः॥ भूलोकजन्माखिललोकधर्म भ्रांतेःपरंदूषणमेतदस्तु ॥२२॥ भोभोवैद्यसुताःशृणुध्वमधुनासौभाग्यदंकीर्तिदं॥पापक्षालनमंत्रतंत्रविहितंमान्यंमदीयंवचः॥ यूयंसन्मनसाचिकित्सितविधौहित्वादुराशांपरां शंभो विश्वपतेत्वदर्पणमिदंभूयादितिध्यायत॥२३॥हुताशनाकाशरसेंदुयुक्तेसंवत्सरेदुर्मतिनामभाजि॥ वैद्यामृतंनामदधानएषग्रंथस्मरारेःकृपयासमाप॥२४॥ ॥ ॥इतिश्रीवैद्यामृतेचतुर्थोलंकारः॥४॥ ॥ ॥

टीका

नगरशहरमेरहनेवालेऐसेजोहममोरेश्वरनामकवैद्यहैहमनेबहुतकालविचारकरकोवैद्यामृतनामकग्रंथरचनाकिया।जोवैद्यचरकादिग्रंथकाविचारकरनेमेसमर्थहैउन्होनेकृपाकरकोइसग्रंथकोसंग्रहकरकोपालनइसग्रंथकाकरैं॥२०॥इसग्रंथमोकितनेएकयोगअनुभविक।कितनेएकगुरुसांप्रदायिक।औरकइएकशास्त्रीययोगवैद्योकेहितार्थकहाहैं॥२१॥जोकदाचितभ्रमसेअशुद्धपजाहोयतोमहानलोगोनेउसदोषकोमनमेनरखना।इसभूलोकमेप्राणिमात्रकोभ्रांतियहभीधर्महैइसलियेजहाँअशुद्धहोयवहाँशुद्धकरैं॥२२॥अबऔरभीवैद्योकोनीतिपूर्वकप्रार्थना

करतेहै। हेवैद्यलोगों तुमलोगचिकित्साकालमोहु
राशाकोदूरकरको हेविश्वपतेशंभोपहजोकरतेहैसो
सवतुमकोअर्पणहै। ऐसीशिवकीप्रार्थनाकरकोचि
कित्साकरनेसेसर्वमनोरथतुमारापूर्णहोगा। यहहमा
रावाक्यकीर्तिदपापनाशकसौभाग्यदायकहैऐसा
जानना॥२३॥ यहवैद्यामृतग्रंथ शाके १६०२मेशिवकृ
पासेसमाप्तभयाहैसोजाननाइतिशिवम्॥ ॥इतिश्री
कर्केरेइत्युपनामकरमानाथविरचितायांवैद्यामृत
भाषाटीकायांचतुर्थोलंकारः॥४॥ ॥ ॥ ॥
वाराणसीप्रसादस्यनियोगेनतुयत्नतः॥काशीसंस्कृ
तमुद्रायामङ्कितेयंविचक्षणैः॥१॥काश्यांत्रिपुरभै
रवीसन्निधौश्रीरघुनाथबाबूकृतहनारायणसिंहजी
त्यभिधाप्रजोनिकेतनेमुद्रितेयम् ॥फाल्गुनशुक्ल
द्वादश्यांसमाप्तेयम्॥ सम्वत् १९२४ ॥शिवम्॥